एक नजर में

चोरी के मामले में स्थाई वारंटी गिरफ्तार

गुना। गुना कोतवाली पुलिस ने चोरी के 7 साल पुराने मामले में फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी आरोपी राजेश (30) पुत्र हरिसिंह कुशवाह के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज हुआ था। न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने के कारण माननीय न्यायालय गुना द्वारा उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। 21 मई को मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी राजेश कुशवाह को धर दबोचा और न्यायालय में पेश किया।

पक्षियों के लिए लगाए गए सकोरे

गुना। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के अध्यक्ष व प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आज जिला न्यायालय परिसर में 'पंच-ज' अभियान के तहत पक्षियों के लिए सकोरे (मिट्टी के पात्र) लगाए गए। विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश राधाकिशन मालवीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले, अन्य न्यायाधीशगण और जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुवेर्दी उपस्थित रहे। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी के लिए भटकते हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, बालकनी या छायादार स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी अवश्य रखें। आपका एक छोटा सा प्रयास किसी बेजुबान का जीवन बचा सकता है।

अस्पताल में केयर यूनिट के हालात खुद 'क्रिटिकल'

दिव्यांग भाई को नहीं मिली व्हील चेयर, रैम्प पर फिसलने से बहन घायल

नवभारत न्यूज

गुना 21 मई का। जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार की गई क्रिटिकल केयर यूनिट के हालात खुद क्रिटिकल (संवेदनशील) नजर आ रहे हैं। इस नवीन यूनिट को काफी शोर-शराबे और भारी प्रचार-प्रसार के साथ यह दावा करते हुए शुरू किया गया था कि यह आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।

अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता के कारण आज एक बार फिर मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति यह है कि गंभीर और दिव्यांग मरीजों के लिए इस तथाकथित आधुनिक अस्पताल में एक व्हील चेयर तक नसीब नहीं हो पा रही है। दरअसल, बुधवार को जाट मोहल्ला निवासी रानी बैरागी अपने दिव्यांग भाई को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आई थी। भाई की शारीरिक स्थिति को देखते हुए उसे व्हील चेयर की सख्त जरूरत थी। रानी जब उम्मीद लेकर क्रिटिकल केयर यूनिट में व्हील चेयर लेने पहुंची, तो वहां मौजूद स्टाफ ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय उसे पुरानी बिल्डिंग में जाकर खुद व्हील चेयर ढूंढने की सलाह दे दी। अपने बेबस दिव्यांग भाई को वहीं छोड़कर रानी बैरागी जब जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग की तरफ जा रही थी, तभी नई बिल्डिंग के चमचमाते रैम्प पर अचानक उसका पैर स्लिप हो गया। रैम्प पर पैर फिसलने से वह बुरी तरह गिर गई और उसे गंभीर चोटें आई हैं।

कलेक्टर ने 4 दिन पहले किया था निरीक्षण और आदेश भी दिए, पर अमल नहीं

खास बात यह है कि गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल लगभग 4 दिन पहले ही जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने निर्माणाधीन एमसीएच बिल्डिंग का निरीक्षण किया था और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें हिदायत दी कि मरीजों को अच्छी सुविधाएं मिलें। इतना ही नहीं कलेक्टर ने इसी दिन कहा था कि क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीजों को ले जाते समय झटके लगने की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने रैंप एवं रेलिंग में आवश्यक सुधार करते हुए अतिरिक्त सपोर्ट एवं कार्पेट जैसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, ताकि मरीजों को किसी तरह की असुविधा न हो। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसी जगह बुधवार को एक हादसा हो गया। फिलहाल जिस महिला को चोट लगी है, उसने असहनीय दर्द की शिकायत की है। महिला का कहना है कि वह अपने दिव्यांग भाई का इलाज कराने आई थी और उसे खुद असहनीय दर्द मिल गया है। अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर महिला ने खासी नाराजगी जाहिर की है।

पहले भी सामने आ चुके हैं संवेदनहीनता के नजारे

जिला अस्पताल प्रबंधन की यह पहली लापरवाही नहीं है। क्रिटिकल केयर यूनिट से संबंधित इस तरह के शर्मनाक और विचलित करने वाले नजारे इससे पहले भी सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में एक ऐसा ही वाकया देखने को मिला था, जब एक लाचार महिला मरीज को उसके परिजन कंधे पर बैठाकर पुरानी बिल्डिंग से क्रिटिकल केयर यूनिट तक लेकर पहुंचे थे। इन लगातार सामने आ रही घटनाओं को देखकर अब शहरवासी यह सवाल उठाने लगे हैं कि जिला अस्पताल का स्टाफ या तो पूरी तरह संवेदनहीन हो चुका है, या फिर कागजों पर आधुनिक दिखने वाले इस अस्पताल में असल में संसाधन ही उपलब्ध नहीं हैं। करोड़ों की लागत से बनी इस यूनिट में अगर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हील चेयर जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं, तो फिर आधुनिकता के इन बड़े-बड़े दावों का क्या औचित्य है?

कृषि व्यवस्था एवं ई-विकास प्रणाली की समीक्षा कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती अपनाने पर दिया जोर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपार्जन व्यवस्था, खाद वितरण और ई-विकास प्रणाली सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर सुझाव लिए गए। कलेक्टर कन्याल ने समय की बचत और व्यवस्था को सरल बनाने के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया जिससे किसानों की ट्रॉली की तुलाई शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि ई-विकास प्रणाली से अनावश्यक लाइनों से बचाव होता है, लेकिन इसके लिए सभी कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। पट्टे की भूमि या अन्य वैध दस्तावेज वाले किसानों को भी खाद उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। प्रशासन की प्राथमिकता वास्तविक किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने कालाबाजारी और अतिक्रमण के माध्यम से खाद का दुरुपयोग करने वालों पर कड़े नियंत्रण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को डीएपी के अत्यधिक उपयोग से बचने तथा यूरिया व एनपीके का सीमित इस्तेमाल करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ-साथ हॉर्टिकल्चर और प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। संजीव शर्मा और जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

रोंगटे खड़े कर देता हैं राजीव जी के शहादत का स्मरण

गुना। पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी गुना द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देश पर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर राजीव जी को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने कहा कि राजीव गांधी देश के एक ऐसे महान और दूरदर्शी नेता थे, जिन्हें युगों-युगों तक नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने ही देश में कंप्यूटर और सूचना क्रांति लाकर 21वीं सदी के आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी थी। नेहरू-गांधी परिवार के इस ऐतिहासिक योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष हरिशंकर विजयवर्गीय ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि राजीव जी की शहादत को याद करते ही आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने बेहद विषम परिस्थितियों में देश की कमान संभाली थी, जब पूरा देश शोक में डूबा था। उन्होंने एक योग्य जनसेवक के रूप में देश को आगे बढ़ाया। पंचायती राज की स्थापना, महिला आरक्षण और आतंकवाद के खिलाफ उनकी कड़ाई जैसे ऐतिहासिक निर्णय देश के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को दर्शाते हैं। सभा के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने गुना के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आव्हान किया कि वे विधायक और जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम करें। सभी एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और कांग्रेस संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लें। इस गरिमामयी आयोजन में जिले के अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर में अब नहीं रहेगा खूंखार आवारा डॉग्स का डर

नवभारत न्यूज

गुना। शहर के नागरिकों को खूंखार आवारा डॉग्स के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद गुना ने एक बड़ी और राहत भरी शुरूआत की है। नपा द्वारा बुधवार से शहर के आवारा डॉग्स को पकड़ने की योजनाबद्ध कार्रवाई का शंखनाद कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 27 से शुरू हुई इस मुहिम के तहत पकड़े गए आवारा डॉग्स का विधिवत उपचार और नसबंदी की जाएगी, जिससे न तो उनकी आबादी बढ़ेगी और न ही उनका स्वभाव आक्रामक रहेगा।

इस पूरे अभियान के लिए वार्ड क्रमांक 21 में जगनपुर पानी की टंकी के पास एक अत्याधुनिक एनिमल बर्थ केंद्र बनाया गया है। प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री ने जानकारी दी है कि गलियों और मोहल्लों से आवारा डॉग्स को सुरक्षित रूप से गाड़ी में लाकर इस केंद्र में रखा जाएगा। खास बात यह है कि इन्हें उनके मोहल्ले के हिसाब से ही अलग-अलग रखा जाएगा ताकि इनके बीच आपसी झगड़े न हों। जिन आवारा डॉग्स का यह उपचार पूरा हो जाएगा, उनकी पहचान के लिए उनके कान पर एक छोटा सा कट लगाया जाएगा। केंद्र में 7 दिनों तक रहने के दौरान इन्हें पौष्टिक आहार दिया जाएगा और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद इन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ दिया जाएगा, जहां से इन्हें उठाया गया था। इस प्रक्रिया के बाद डॉग्स के काटने से रेबीज होने का खतरा पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस मामले को नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने दावा किया है कि वे एक वर्ष से इस सेंटर को शुरु करने का प्रयास कर रही थीं, जो अंतत: सफल हुई है। अभियान के पहले दिन वार्ड 27 से लगभग 10 आवारा डॉग्स को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ट, बृजमोहन खरे, अमित आर्य सहित एबीसी सेंटर के कर्मचारियों की प्रमुख भूमिका रही। नपा की इस पहल से गुना वासियों ने राहत की सांस ली है।

महूखान में करंट की चपेट में आए दम्पति, भाई की सूझबूझ से बची जान

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत महूखन गांव में बुधवार शाम को घर के आंगन में नहाते समय एक दंपत्ति अचानक बिजली के चालू तार की चपेट में आ गए। दोनों को तड़पता देख युवक के भाई ने तत्परता और अदम्य साहस का परिचय देते हुए समय रहते बिजली की डोरी काट दी, जिससे दोनों की जान बच गई।

जानकारी सामने आई है कि महूखान निवासी 32 वर्षीय राजेंद्र कुशवाह बुधवार शाम करीब साढ़े 7 बजे अपने घर के आंगन में नहा रहे थे। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन का एक तार अचानक टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। करंट लगते ही राजेंद्र अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े और तड़पने लगे। पति को संकट में देख पत्नी राखी कुशवाह बिना कुछ सोचे-समझे उन्हें बचाने दौड़ीं और उन्हें खींचने का प्रयास किया, लेकिन वे खुद भी करंट की चपेट में आ गईं। दोनों को जिंदगी और मौत के बीच जूझता देख राजेंद्र के भाई ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और मौके पर ही बिजली का तार काट दिया।

इस हादसे में राखी कुशवाह के हाथ में गंभीर घाव आए हैं। दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है।

अवैध खनन और परिवहन में लिप्त 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना। जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने गुरुवार को राघौगढ़ एवं मकसूदनगढ़ क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण कर बड़ी कार्यवाही की। निरीक्षण के दौरान मकसूदनगढ़ क्षेत्र में गिट्टी से भरी 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली और रेत का अवैध परिवहन करती 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। इन वाहनों को तत्काल जब्त कर थाना जंजाली, मकसूदनगढ़ और थाना जामनेर की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

इस कार्यवाही में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, थाना प्रभारी उकावद सहित खनिज विभाग का अमला मौजूद रहा।

भैंसाना महायज्ञ में श्रद्धालुओं का सहयोग करेंगे 300 जवान

नवभारत न्यूज

गुना। राघौगढ़ क्षेत्र के भैंसाना में आयोजित हो रहे 151 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। महायज्ञ की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात ठीक 11 बजे एसपी हितिका वासल अचानक आयोजन स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचीं। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों, यातायात और पार्किंग व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी हितिका वासल ने कहा, महायज्ञ के भव्य आयोजन को देखते हुए वह स्वयं आयोजन स्थल की मॉनीटरिंग कर रही हैं। मेले में श्रद्धालुओं की सहायता और सुरक्षा के लिए यज्ञ परिसर में 300 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण के उपाय, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और आपातकालीन रास्तों को लेकर मैदानी स्टाफ की समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण आयोजन अवधि में सतत निगरानी और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में धार्मिक लाभ ले सकें। इस औचक निरीक्षण के दौरान एएसपी मानसिंह ठाकुर, राघौगढ़ थाना प्रभारी अजय सिंह जाट सहित क्षेत्र के तमाम थानों के थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

3डी और एआई तकनीक से 16 दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम अंग

नवभारत न्यूज

गुना। राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय और अनूठी पहल की है। क्षेत्र के 16 जरूरतमंद दिव्यांगों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विधायक द्वारा कृत्रिम अंग उपचार के लिए उत्तर प्रदेश के कानपुर रवाना किया गया है। यह पूरी पहल जापान की अत्याधुनिक 3 डी एवं एआई तकनीक से निर्मित कृत्रिम हाथ और पैर उपलब्ध कराने की विशेष योजना के अंतर्गत की गई है।

बता दें कि कानपुर पहुंचे सभी 16 हितग्राहियों की शुक्रवार को अत्याधुनिक 3डी तकनीक के माध्यम से शारीरिक स्कैनिंग की जाएगी। इस स्कैनिंग के आधार पर लगभग एक महीने की तकनीकी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद सभी जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ और पैर फिट किए जाएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस जापानी तकनीक से तैयार होने वाले कृत्रिम अंग हुबहू व्यक्ति के शरीर की संरचना के अनुरूप बनते हैं, जिससे इन्हें उपयोग करने में मरीजों को अत्यधिक सहजता, सामान्य अंगों जैसी गतिशीलता और बेहतर सुविधा मिलती है। इस

मानवीय पहल पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि उनका सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद लोगों को बेहतर से बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अत्याधुनिक तकनीक के सहयोग से सभी हितग्राहियों के जीवन में एक नया आत्मविश्वास लौटेगा और वे एक नई उम्मीद के साथ मुख्यधारा में आगे बढ़ सकेंगे।

पशुपालन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग सिमर सिंह राठौर और उप संचालक कृषि संजीव शर्मा उपस्थित रहे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिले के 44 ग्रामों (आरोन 10, बमोरी 06, चाचौड़ा 10, गुना 09, राघौगढ़ 09) का चयन 'क्षीर धारा ग्राम' योजना के तहत किया गया है। इसके अंतर्गत उच्च नस्ल संवर्धन, पशु टैगिंग, शत-प्रतिशत टीकाकरण, बांझपन निवारण शिविर और जैविक खाद व गोबर गैस संयंत्र स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रथम चरण की कार्ययोजना (दिसंबर 2025 से जून 2026) के तहत मापदंड पूरे करने वाले गांवों को जून 2026 में प्रमाणित क्षीर धारा ग्राम घोषित किया जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. गुना द्वारा, Jaiprakash Suman के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में भूमि सर्वे न0 170 क्षेत्रफल 1620 वर्गफिट ग्राम प्रानपुर रौड चंदेरी तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मे स्थित है। उक्त सम्पत्ति जो कि खसरा वर्ष 2012-13 के आधर पर उक्त सम्पत्ति के हकदार मोहनसिंह हिस्सा 13/20, कन्हैयालाल हिस्सा 7/20 पुत्रगण प्यारेलाल कुशवाह रकवा 0.1260 हैक्ट. के मालिक थे, इसके पश्चात मोहनसिंह, कन्हैयालाल पुत्रगण प्यारेलाल कुशवाह और खलका पुत्र कन्हैयालाल की मृत्यू हो जाने के कारण खसरा वर्ष 2015-16 में उक्त सम्पत्ति के भू-स्वामी श्रीमति कलन पत्नि श्री खलका, सोनू, अजय, उमेश, नवल पुत्रगण खलका, सरोज पुत्री खलका, दशरथ, जगदीश पुत्रगण कन्हैयालाल, मानकुंअर, जामवती पुत्रिया कन्हैयालाल, मुन्नी पत्नि हरकिशन, गोपाल पुत्र हरकिशन, विमला, ममता, पुत्रिया हरकिशन कुशवाह हिस्सा 7/20 भाग, पुनिया पत्नि मोहन, काशीराम, शंकर पुत्रगण मोहन, देवा पुत्री मोहन, रजन पत्नि रामचरण , राजकुमार, हरचरण पुत्रगण रामचरण, उर्मिला, प्रभा पुत्रियां रामचरण जुग्गो पत्नि कल्लू नीलेश, मुकेश, नीरज पुत्रगण कल्लू, चंदा, रेखाख् बैजन्ती, आरती पुत्रियां कल्लू हिस्सा 13/20, का भूमि सर्वे क्र. 170 रकवा 0.1260 हैक्ट. पर नामांत्रण स्वीकृत हो चुका था। उक्त सभी भू-स्वामी में से विक्रेता दषरथ कुषवाह पुत्र कन्हैया उर्फ कन्हैयालाल कुशवाह, 2, मानककुअरबाई उर्फ मनकोबाई पुत्री कन्हैया, पत्नि हरिराम, 3. जामवती उर्फ जमवती पुत्री कन्हैया, पत्नि गंगाराम कुशवाह, 4. मुन्नीबाई पत्नि हरकिशन कुशवाह, 5. विमलाबाई पुत्री हरकिशन पत्नि शिवचरण कुशषवाह, 6. ममता बाई पुत्री हरकिशन पत्नि बालचंद कुशवाह के द्वारा अपने अपने हिस्से में से रकवा 0.028 हैक्ट. का क्रेता श्रीमति राधा शर्मा पत्नि श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा को विक्रय पत्र क्र. MP47312020A1575316 दिनांक 15/09/2020 के माध्यम विक्रय कर दिया हैं।

यह कि उक्त विक्रय पत्र में किसी शामलाती पक्षकार को या किसी भी व्यक्ति को सा किसी वित्तीय संस्था, या बैंक आदि में बधंक हों तो या किसी को कोई आपत्ति हो तो आज से तीन दिवस के भीतर विधिक दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155

बसों की जांच करने उतरी ट्रैफिक और आरटीओ की टीम, 7 पर जुर्माना

गुना। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से बसों के खिलाफ सख्त जांच मुहिम शुरू की है। एसपी हितिका वासल के निर्देशन में थाना प्रभारी ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह द्वारा जज्जी बस स्टैंड के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट पर यात्री बसों की सघन चेकिंग की गई। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य और उनका अमला भी मौके पर मुस्तैद रहा। जांच टीम ने बसों की फिजिकल कंडीशन, आवश्यक दस्तावेजों और सुरक्षा उपकरणों की विस्तृत पड़ताल की। नियमों का मखौल उड़ाने और बसों की हालत खस्ता पाए जाने पर आरटीओ द्वारा मौके पर ही कई बसों की फिटनेस निरस्त कर दी गई। वहीं, ट्रैफिक पुलिस ने यात्री सुरक्षा को ताक पर रखने वाली बसों पर कड़ा शिकंजा कसा। जिन बसों में फायर फाइटर, फर्स्ट एड किट, इमरजेंसी डोर और रिफ्लेक्टिव ट्रायंगल टेप जैसी अनिवार्य सुरक्षा सुविधाएं नहीं मिलीं, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। मुहिम के दौरान कुल 7 बसों पर 11 हजार 500 रुपए का जुर्माना ठोंका गया। ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग ने साफ चेतावनी दी है।

अभियान सहयोग करने वाले शहर के 60 नागरिक सम्मानित

पुलिस ने जनसहयोग से बिछाया सीसीटीवी कैमरों का जाल

गुना। शहर सहित पूरे जिले में आमजन की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने के लिए गुना पुलिस आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग कर रही है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। शहर के प्रमुख स्थानों पर जनसहयोग से लगाए जा रहे इन कैमरों को सीधे पुलिस सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बेहद मजबूत हो गई है।

इस अभियान के तहत उन निजी और सार्वजनिक स्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। इन कैमरों की मदद से पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रख रही है, जिससे अपराधों के खुलासे में बड़ी सफलता मिल रही है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर बैंकों के बाहर अनिवार्य रूप से कैमरे लगाने और उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए थे। इसके पालन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक ने तत्परता दिखाते हुए कैमरे स्थापित कर उन्हें पुलिस कंट्रोल से कनेक्ट कराया है।

सराहनीय योगदान के लिए 60 नागरिक सम्मानित

शहर की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नागरिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने करीब 60 जनभागीदारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और शहर की सुरक्षा में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ें, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

ये रहे उपस्थित

समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, कंट्रोल रूम प्रभारी विकास उपाध्याय, कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा, कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, सीसीटीवी कंट्रोल प्रभारी भूपेन्द्र सेंगर सहित अन्य पुलिस अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहा।